ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 24 जून 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 83


## PF अकाउंट से 72 घंटे में निकाल सकेंगे 5 लाख:अधिकारियों की जांच जरूरी नहीं होगी, पहले इसकी लिमिट 1 लाख थी




**24 न्यूज अपडेट**

अब PF अकाउंट से इमरजेंसी या जरूरत के समय 72 घंटे में 5 लाख तक निकाल सकेंगे। पहले ये लिमिट 1 लाख थी। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने 24 जून को इसकी जानकारी दी।

इससे पहले श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने 28 मार्च को श्रीनगर में हुई EPFO की कार्यकारी समिति (EC) की 113वीं बैठक में इस प्रस्ताव को पास किया था।

### सॉफ्टवेयर पूरा प्रोसेस करेगा, अधिकारियों की जरूरत नहीं होगी

ऑटो सेटलमेंट में PF विड्रॉल क्लेम को सिस्टम द्वारा अपने आप प्रोसेस किया जाता है। इसमें अफसरों के हस्तक्षेप की जरूरत बहुत कम या बिल्कुल नहीं होगी। अगर आपका UAN (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) आधार, पैन और बैंक खाते से लिंक है, और KYC पूरी तरह से अपडेटेड है, तो सिस्टम आपके क्लेम की जांच करता है। यह प्रक्रिया तेज होती है क्योंकि यह पूरी तरह से ऑनलाइन और IT सिस्टम पर आधारित होती है। ऑटो सेटलमेंट में क्लेम 3-4 दिन में प्रोसेस हो जाता है। EPFO ने कुछ खास तरह के क्लेम (जैसे मेडिकल, शिक्षा, शादी, या मकान बनाने/खरीदने के लिए) के लिए ऑटो सेटलमेंट की सुविधा शुरू की है।

### मैनुअल सेटलमेंट में 15-30 दिन लगते हैं

इसमें PF क्लेम को EPFO के कर्मचारी सेटल करते हैं। प्रोसेस में 15-30 दिन लगते हैं। इसके लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन फॉर्म (जैसे Form 19, 31, 10C) भरना होता है। इसके बाद EPFO कर्मचारी आपके दस्तावेज, KYC, और पात्रता की जांच करते हैं। अगर एग्जिट डेट अपडेट नहीं है या कोई दस्तावेज कम है, तो क्लेम में देरी हो सकती है। बड़े या जटिल क्लेम (जैसे रिटायरमेंट या फाइनल सेटलमेंट) में अक्सर मैनुअल जांच होती है।

### जल्द ही UPI-ATM से निकाल सकेंगे PF का पैसा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार EPFO 3.0 के मसौदे के तहत कर्मचारियों को जल्द ही ATM और UPI से सीधे PF का पैसा निकालने की सुविधा मिल सकती है।

इसमें PF खाताधारकों को विड्रॉल कार्ड दिए जाएंगे। यह बैंक ATM कार्ड की तरह होगा। नई सुविधा के तहत एक तय रकम ही निकाली जा सकेगी।

वहीं UPI से पैसा निकालने के लिए PF अकाउंट को UPI से लिंक करना होगा। इसके बाद सब्सक्राइबर्स PF का पैसा अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर सकेंगे।

### नौकरी जाने पर एक महीने के बाद निकाल सकेंगे PF का 75% पैसा

अगर किसी मेंबर की नौकरी चली जाती है तो वह 1 माह के बाद PF अकाउंट से 75% पैसा निकाल सकता है। इससे वह बेरोजगारी के दौरान अपनी जरूरतें पूरी कर सकता है। PF में जमा बाकी 25% हिस्से को जॉब छूटने के दो महीने बाद निकाला जा सकता है।

## रेल किराया बढ़ाने की तैयारी, 1 जुलाई से लागू होगा:AC में 1000 किमी के सफर पर 20 रू ज्यादा लगेंगे




**24 न्यूज अपडेट**

रेल का सफर 1 जुलाई से महंगा हो सकता है। नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी हो सकती है। इकोनॉमिक टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है।

सभी बदलाव 1 जुलाई से लागू होंगे। इस तारीख के बाद का टिकट बुक करने पर नई दरों के हिसाब से किराया चुकाना होगा। रेलवे ने आखिरी बार 2020 में यात्री किराया बढ़ाया था। इसके अलावा 15 जुलाई से तत्काल बुकिंग में आधार-बेस्ड OTP वेरिफिकेशन भी करना होगा। इसका मकसद ये सुनिश्चित करना है कि तत्काल टिकट सही यात्रियों को मिले।

## ऑपरेशन सिंधु- इजराइल से 160 भारतीयों का रेस्क्यू



**24 न्यूज अपडेट**

ईरान और इजराइल के बीच चल रहे संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत 604 भारतीय नागरिकों को जॉर्डन और मिस्र के रास्ते इजराइल से सुरक्षित निकाला गया है। 160 भारतीय नागरिकों का पहला जत्था 24 जून को नई दिल्ली पहुंचेगा। इजराइल में भारतीय दूतावास ने सोमवार को यह जानकारी दी।

हालांकि इजराइल से जॉर्डन, फिर अम्मान से रवाना हुई फ्लाइट को कुवैत डायवर्ट कर दिया गया, क्योंकि सोमवार रात अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए गए ईरानी हमलों के कारण एयर स्पेस बंद हो गया था।

इससे पहले ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत सरकार ने सोमवार को ईरान के मशहद से 290 भारतीय और एक श्रीलंकाई नागरिक को सुरक्षित दिल्ली पहुंचाया। इस तरह अब तक बचाए गए भारतीयों की कुल संख्या 2003 हो गई है।

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने बताया भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंधु के हिस्से के रूप में अगले दो से तीन दिनों में ईरान से तीन एक्स्ट्रा इवैक्यूएशन फ्लाइट्स निर्धारित की हैं।

6 खाड़ी देशों में 90 लाख से ज्यादा भारतीय हैं। सबसे ज्यादा 35.5 लाख UAE, 26 लाख सऊदी अरब, 11 लाख कुवैत, 7.45 लाख कतर, 7.79 लाख ओमान और 3.23 लाख बहरीन में हैं।

## पंजाब में जल्द होगा मंत्रिमंडल फेरबदल:राज्यपाल से CM की मुलाकात; संजीव अरोड़ा बनेंगे मंत्री, मालवा-माझा से नए चेहरे भी हो सकते हैं शामिल



पंजाब में आम आदमी पार्टी (AAP) सरकार एक बार फिर बड़े सियासी बदलाव की तैयारी में है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की।

मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए सीएम ने साफ किया कि आने वाले 3-4 दिनों में मंत्रिमंडल में फेरबदल किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने राज्यपाल के सामने चंडीगढ़ में AAP को कार्यालय के लिए जगह देने की मांग भी रखी।

सीएम ने कहा कि पार्टी ने सभी नियम पूरे कर लिए हैं और वे इसे लेकर गवर्नर को लिखित में जानकारी दे चुके हैं। जल्द ही चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी का अपना कार्यालय होगा।

### चेहरों पर बोलने से इनकार

वहीं, उन्होंने स्पष्ट कहा कि आने वाले 2-4 दिनों में कैबिनेट में विस्तार की तैयारी है। उन्होंने कहा- लोगों के मैनडेट का सतकार करना बनता है। 2022 में हम लुधियाना वेस्ट में तकरीबन 7 हजार वोटों से जीते थे और अब 12 हजार के करीब वोटों से जीते हैं। ऐसे में अब संजीव अरोड़ा को राजभवन की सीढ़ियों पर चढ़ाया जाएगा।

लेकिन, जब उनसे पूछा गया कि कोई फेरबदल होगी या किसी और को भी मंत्रीपद की शपथ दिलाई जाएगी, तो उन्होंने बोलने से मना कर दिया।

### लुधियाना उपचुनाव ने बढ़ाई हलचल

हाल ही में संपन्न लुधियाना वेस्ट विधानसभा उपचुनाव में संजीव अरोड़ा की जीत के बाद से ही मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की अटकलें तेज हो गई थी। संजीव अरोड़ा वर्तमान में राज्यसभा सदस्य हैं, लेकिन अब विधायक चुने जाने के बाद उन्हें मंत्री बनाया जा रहा है।

सीएम मान ने कहा कि कल वे दिल्ली जा रहे हैं और वापस आने के बाद कैबिनेट में उन्हें जोड़ा जाएगा।

### एक और नाम पर भी चर्चाएं तेज

सूत्रों का कहना है कि मंत्रीमंडल में दो पद खाली हैं। ऐसे में अरोड़ा के साथ-साथ एक और विधायक को भी शपथ दिलाई जा सकती है। इनमें मालवा क्षेत्र से एक महिला विधायक और एक दूसरी बार जीतकर आए युवा विधायक के नाम की अटकलें चल रही हैं। पार्टी की रणनीति इस फेरबदल के जरिए क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की है।

वहीं, माझा क्षेत्र से एक पुराने विधायक की संभावित वापसी को लेकर भी चर्चाएं गर्म हैं। पार्टी हाईकमान उन विधायकों की राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों की निगरानी कर रहा है, जिन्हें विचाराधीन की श्रेणी में रखा गया है।

## सोना 2,085 गिरकर 97,263 पर आया:चांदी 1,096 फिसलकर 1.06 लाख किलो बिक रही, इजराइल-ईरान सीजफायर से गिरावट



**24 न्यूज अपडेट**

इजराइल-ईरान सीजफायर के बाद आज यानी 24 जून को सोने-चांदी के दाम में बड़ी गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 2,085 गिरकर 97,263 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,348 पर था।

वहीं चांदी की कीमत 1,096 कम होकर 1,05,967 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,07,063 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। हालांकि एक्सपर्ट्स के अनुसार आगे सोने-चांदी में तेजी जारी रहने की उम्मीद है।

दिल्लीः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,020 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,700

मुंबईः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550

कोलकाताः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550

चेन्नईः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550

भोपालः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,920 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600

## बाइक में फंसा हाईटेंशन लाइन का तार, 3 जिंदा जले:तीनों एक ही परिवार के सदस्य; दुर्गा मंदिर दर्शन करने जा रहे थे



**24 न्यूज अपडेट**

बालाघाट में बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से तीन लोग जिंदा जल गए। हादसा लांजी थाना इलाके में मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे हुआ। तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे और बाइक से देवलगांव के दुर्गा मंदिर जा रहे थे।

मृतकों की पहचान सर्रा निवासी सेवकराम पांचे (30), उनकी पत्नी रेणुका पांचे (28) और भाई भोजराज पांचे (28) के रूप में हुई है। पूर्व सरपंच का कहना है कि शव करीब एक घंटे तक जलते रहे।

एसडीएम कमल चंद्र सिंहसार ने बताया- हाईटेंशन लाइन के ऊपर पेड़ की एक डाली गिर गई। इससे तार टूटकर सड़क पर आ गया। इसी दौरान मंदिर जा रहे लोगों की बाइक उसमें उलझ गई। बिजली चालू होने की वजह से बाइक ने आग पकड़ ली। बाइक सवार तीनों लोगों को संभलने का भी मौका नहीं मिला। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, बिजली कंपनी का अमला और लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे मौके पर पहुंचे। तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए लांजी सिविल अस्पताल पहुंचाया। सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी घटना को लेकर शोक जताया है।

## 12 दिन में कोरोना केस 3000 घटे, 4089 एक्टिव मामले:बीते 24 घंटे में 3 की मौत; डॉक्टर बोले- अब कोविड गंभीर बीमारी नहीं




**24 न्यूज अपडेट**

देशभर में कोरोना वायरस के केस बीते 2 हफ्ते से घट रहे हैं। 12 दिन में 3000 से ज्यादा एक्टिव केस कम हुए हैं। 12 जून को देशभर में 7131 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या घटकर 4089 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में केवल 7 नए मामले सामने आए हैं। 336 मरीज रिकवर हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट से जनवरी 2025 से अब तक 127 की मौत हुई है। बीते 24 घंटे में 3 मरीजों ने जान गंवाई है। सबसे ज्यादा 40 मौतें केरल में हुई हैं। वहीं महाराष्ट्र में 33 लोगों की जान गई है।

मैक्स साकेत हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ रोमेल टिक्कू ने कहा- अब कोविड एक एंडेमिक (स्थायी रूप से मौजूद) बीमारी है। यह अब कोई बड़ी या गंभीर खतरे वाली बीमारी नहीं रह गई है। हर किसी को बुखार, खांसी या सर्दी होने पर कोविड टेस्ट कराने की जरूरत नहीं है।

## अग्निवीर भर्ती के लिए परीक्षा 30 जून से:10 जुलाई तक होगा CEE एग्जाम, एडमिट कार्ड जारी, जुलाई में आएगा रिजल्ट

**24 न्यूज अपडेट**

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती साल 2025-26 के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (CEE) आगामी 30 जून से 10 जुलाई के बीच आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा ION डिजिटल जोन, बहादुरगढ़ पटियाला और RIMT यूनिवर्सिटी फतेहगढ़ साहिब में आयोजित की जाएगी।


सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर तारीखवार परीक्षा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड पहले ही जारी किए जा चुके हैं, और परीक्षा का परिणाम जुलाई 2025 में घोषित किया जाएगा।

यह ऑनलाइन परीक्षा भर्ती प्रक्रिया का पहला चरण है। इसके बाद दूसरे चरण में भर्ती रैलियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें CEE में प्रदर्शन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा।

### परिणाम के आधार पर मेरिट लिस्ट होगी तैयार

अंतिम मेरिट लिस्ट CEE के परिणाम और भर्ती रैली के दौरान हुए स्क्रीनिंग टेस्ट के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे सेना की वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट चेक करते रहें और परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचें।

## सेंसेक्स 158 अंक चढ़कर 82,055 पर बंद:डे-हाई से 1000 अंक गिरा, निफ्टी 25,000 के पार; मेटल और बैंकिंग शेयरों में तेजी रही




**24 न्यूज अपडेट**

इजराइल-ईरान सीजफायर के बाद आज यानी मंगलवार, 24 जून को सेंसेक्स करीब 158 अंक चढ़कर 82,055 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 72 अंक की तेजी रही, ये 25,044 के स्तर पर बंद हुआ। दिन ने 83,018 के ऊपरी स्तर से सेंसेक्स 963 अंक गिरा। निफ्टी भी डे-हाई से 273 अंक गिरकर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 25,317 के स्तर तक पहुंच गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी रही। अडाणी पोर्ट्स 2.6% चढ़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक से शेयर्स 1.5% तक चढ़े हैं। पावर ग्रिड, NTPC और ट्रेंट में 1.5% की गिरावट रही। निफ्टी के 50 में से 36 शेयरों में तेजी रही। सरकारी बैंकों के शेयर्स और मेटल में करीब 1.5% की तेजी रही। मीडिया 1% गिरकर बंद हुआ।

## संपादकीय : युद्ध का हासिल

इजराइल ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के कूदने से दुनिया के सामने विकट स्थितियां पैदा हो गई हैं। ईरान ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि अगर अमेरिका ने इस जंग में दखल दिया, तो न केवल उसको, बल्कि पूरी दुनिया को इसके खतरनाक नतीजे भुगतने पड़ेंगे। यमन के हूती विद्रोहियों ने भी कह दिया था कि वे लाल सागर में हमले तेज कर देंगे। शुरू में अमेरिका की कोशिश थी कि किसी तरह यह युद्ध रुक जाए, पर अब उसने खुद इजराइल की तरफ से ईरान पर हमला कर दिया है। उसने अपने बंकरभेदी बमवर्षकों से ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बम बरसाए इससे ईरान ने जवाबी कार्रवाइयां करनी शुरू कर दी हैं। यह युद्ध क्या शक्ल अख्तियार करेगा, यह देखने की बात है। पर ईरान ने तत्काल होर्मुज जलडमरुमध्य को बंद करने का फैसला किया है, उसी से दुनिया के अनेक देशों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस जलडमरुमध्य के रास्ते दुनिया के करीब तीस फीसद कच्चे तेल का आयात होता है। जाहिर है, यह रास्ता बंद हो जाने से तेल के जहाजों को दूसरे लंबे रास्तों से होकर गुजरना पड़ेगा, जिसका असर कच्चे तेल की कीमत पर पड़ेगा। इससे महंगाई और बढ़ जाएगी। ईरान के इस फैसले से भारत की चिंता इसलिए भी बढ़ गई है कि यह अपनी ऊर्जा जरूरतों का करीब सत्तर फीसद तेल आयात करता है। इसके अलावा, होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते पश्चिम एशियाई देशों के साथ बड़ी मात्रा में इसका आयात-निर्यात होता है। इन देशों के साथ भारत का निर्यात कुल 8.6 अरब डालर का और आयात 33.1 अरब डालर का होता है। इस रास्ते के बंद होने से इस व्यापार पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। लाल सागर में हूती विद्रोहियों के हमले के चलते भारतीय व्यापारियों को पहले ही आयात-निर्यात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, अमेरिकी हमले के विरोध में हूती हमलों में तेजी आई, तो यह संकट और गहरा हो जाएगा। भारत पहले ही अपना निर्यात बढ़ाने को लेकर चिंतित है। तमाम कोशिशों के बावजूद महंगाई पर काबू पाना चुनौती है। विनिर्माण क्षेत्र और देश के आठ प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र मंदी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में अगर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होती है और मध्य पश्चिमी देशों के साथ व्यापार में अवरोध पैदा होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था को बड़ी चोट पहुंच सकती है। अमेरिकी हमले के बाद अभी दुनिया दम साधे इंतजार कर रही है कि ईरान इसका जवाब किस रूप में देता है। ईरान किसी भी रूप में झुकने को तैयार नहीं है। रूस सहित दुनिया के कई देशों ने ईरान पर अमेरिकी हमले की निंदा की है। खुद अमेरिका में इसे लेकर विरोध शुरू हो गया है, इसलिए कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस हमले में तब प्रक्रिया और नियम-कायदों का पालन नहीं किया। फिर यह भी कि अमेरिका या इजराइल के पास इस बात के पुख्ता सबूत नहीं हैं कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की तैयारी में था अमेरिका की खुफिया एजेंसी ने भी साफ कह दिया था कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा था। इस स्थिति में अगर कुछ देश ईरान के समर्थन में खुले रूप में आगे आते हैं, तो युद्ध और विकराल रूप ले सकता है। वैसी स्थिति में दुनिया के सामने खड़ी होने वाली आर्थिक चुनौतियों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## जानलेवा सफाई

यह एक बड़ी विडंबना है कि आज जब हम अर्थव्यवस्था की ऊंचाइयों को हासिल करने के दावे कर रहे हैं, उसमें आए दिन सीवर की सफाई करते लोगों की मौत की खबरें आती हैं। उत्तर प्रदेश के वृंदावन में सीवर की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत ने फिर यही दर्शाया है कि आर्थिक विकास के आंकड़ों की चकाचौंध में समाज के सबसे कमजोर तबकों की फिक्र करना जरूरी नहीं समझा जाता है। शनिवार को एक ठेकेदार के कहने पर सीवर की सफाई के लिए उसमें उत्तरे दो मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आकर मौत हो गई। मामले के तूल पकड़ने के बाद प्रशासन की ओर से इस संबंध में मामला दर्ज किए जाने और मुआवजा देने के आश्वासन जैसी औपचारिकताएं पूरी की गईं। मगर यह समझना मुश्किल है। कि इस तरह सीवर की सफाई कराने पर रोक के बावजूद संबंधित सरकारी महकमे आखिर किन वजहों से पारंपरिक तरीकों से सीवर की सफाई और उसमें मरने वालों की त्रासदी की लगातार अनदेखी करते रहे हैं ! आखिर क्या वजह है कि सीवर में सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर सोचना हमें जरूरी नहीं लगता ? इस मसले पर शीर्ष अदालत के स्पष्ट निर्देश और तीखी टिप्पणियों के बावजूद सरकारों ने शायद ही कभी निजी ठेकेदारों के खिलाफ सख्ती बरतने, किसी की जिम्मेदारी तय करने और सीवर में जोखिम भरे हालात में किसी इंसान को उतारने पर रोक को लेकर गंभीरता दिखाई हो नतीजा यही है कि आजादी के सात दशक बाद आज भी अक्सर सीवर की सफाई के लिए उसमें उतरे मजदूर अपनी जान गंवा रहे हैं। विचित्र है कि एक और विज्ञान और तकनीक की उपलब्धियों की बदौलत कृत्रिम मेधा से सभी काम आसान होने और अंतरिक्ष तक में अनुसंधान की नई ऊंचाई छूने के दावे किए जा रहे हैं, दूसरी ओर अमानवीय हालात में कुछ लोगों को अपनी जान जोखिम में डाल कर सीवर में घुस कर उसकी सफाई करनी पड़ रही है। क्या ऐसा इसलिए हो पा रहा है कि इस समस्या के पीड़ित आमतौर पर समाज के सबसे कमजोर तबके से आते हैं ?

# इंस्टाग्राम की नाकाम मोहब्बत का भयावह अंत, होटल के कमरे में मिली युवती की लाश




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर शहर के परशुराम चौराहा क्षेत्र में स्थित होटल कासा गोल्ड के कमरे में मंगलवार सुबह एक युवती की रक्तरंजित लाश मिलने की खबर से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मामला हत्या और आत्महत्या के प्रयास से जुड़े प्रेम प्रसंग का है। इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई जिसका अंत होटल के कमरे में मौत के साथ हुआ। होटल का कमरा खुला मिला, फर्श पर फैला खून और लाश होटल के स्टाफ ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह जब वे कमरा बुक होने के लगभग 12 से 14 घंटे बाद सफाई के लिए गए तो कमरा हल्का सा खुला था। दरवाजा पूरी तरह खोला तो दंग रह गए। हवाइयां उड़ गई। फर्श के उपर खून फैला हुआ मिला और एक युवती की लाश कमरे में पड़ी थी। होटल प्रबंधन को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी, डीएसपी छगन पुरोहित और एफएसएल टीम मौके पर गई। खून के नमूने, युवती का कुछ सामान व मोबाइल सहित अन्य सुबूत जुटाए। लाश को मोर्चरी भिजवाया गया और परिजनों को सूचना दी गई। मृतका की पहचान, रिश्ते की शुरुआत इंस्टाग्राम से पुलिस जांच में मृतका की पहचान 22 वर्षीय निकिता त्रिवेदी के रूप में हुई, जो मूल रूप से ऋषभदेव की है। उदयपुर के एक निजी कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी और हिरणमगरी क्षेत्र में भाई के साथ किराए के कमरे पर रह रही थी। पुलिस ने बताया कि निकिता की इंस्टाग्राम पर विजय भोई नामक युवक से पहचान हुई। विजय हिरणमगरी सेक्टर 3 का निवासी है और पेशे से इवेंट्स में डांसर बताया जा रहा है। दोनों के बीच दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। वे एक-दूसरे से अक्सर मिलने लगे। निकिता के परिजनों को जब जानकारी हुई, तो निकिता को समझाया और ऋषभदेव बुला लिया। इसके बाद सगाई किसी अन्य युवक से कर दी। निकिता ने नए रिश्ते को स्वीकार कर लिया।

### प्रेमी का गुस्सा और होटल में आखिरी मुलाकात

सगाई के बाद निकिता पढ़ाई पूरी करने वापस उदयपुर आई। इस दौरान विजय ने उसे आखिरी बार मिलने परशुराम चौराहा स्थित होटल कासा गोल्ड में बुलाया। उसने होटल में कमरा बुक किया। होटल पहुंचने के बाद दोनों के बीच कहासुनी हुई बताते हैं जो बाद में हिंसक तनातनी में बदल गई। प्रारंभिक जांच के अनुसार, विजय ने तैश व गुस्से में आकर निकिता का सिर दीवार पर दे मारा। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण निकिता की मौके पर ही मौत हो गई। खुदकुशी का प्रयास, लेकिन मौत से डर गया आरोपी हत्या के बाद विजय भोई ने अपनी कलाई की नस ब्लेड से काटकर आत्महत्या की कोशिश की। खून बहने लगा तो घबरा गया और आत्महत्या की प्रक्रिया अधूरी छोड़ होटल से भाग निकला।

होटल से निकलकर विजय परिजनों के पास पहुंचा और कहा कि उसे कहीं चोट लग गई है। परिजन हिरणमगरी सेक्टर 3 स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाने ले गए। अस्पताल में भर्ती विजय ने किसी को नहीं बताया कि उसने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी है और उसकी लाश होटल के कमरे में पड़ी है। सीसीटीवी व आईडी से की आरोपी की पहचान पुलिस ने होटल में दर्ज आईडी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान विजय भोई के रूप में की। जब पुलिस उसके घर पहुंची, तो जानकारी मिली कि वह अस्पताल में भर्ती है। पुलिस अब अस्पताल में आरोपी के बयान लेने की तैयारी कर रही है। हिरणमगरी थाने में विजय भोई के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उससे गहन पूछताछ की जाएगी और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निकिता का शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं होटल प्रबंधन और अन्य चश्मदीदों से भी पूछताछ की जा रही है।

# उदयपुर में फ्रांसीसी महिला पर्यटक से दुष्कर्मः कैफे में पार्टी के बाद आरोपी ने अपने घर ले जाकर की वारदात, फरार




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर में एक फ्रांसीसी महिला पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यह घटना शहर के बड़गांव थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम घटी, जब युवती एक कैफे में पार्टी के लिए गई थी। वहीं उसकी मुलाकात एक स्थानीय युवक से हुई, जिसने पहले दोस्ती का नाटक किया और फिर उसे अपने किराए के मकान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। फिलहाल पीड़िता खतरे से बाहर है और निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है, जबकि आरोपी फरार है।

थानाधिकारी पूर्ण सिंह राजपुरोहित ने बताया कि युवती और युवक की मुलाकात टाइगर हिल स्थित 'द ग्रीक फॉर्म कैफे एंड रेस्ट्रो' में हुई थी। पार्टी के दौरान युवक ने युवती से बातचीत की और बाहर चलकर शहर का सुंदर नजारा दिखाने का झांसा दिया। इसी बहाने वह उसे सुखेर क्षेत्र स्थित अपने अपार्टमेंट में ले गया। वहां जब युवती ने युवक के साथ गले लगने से इनकार किया तो उसने उसके साथ जबरदस्ती की।

पीड़िता की रिपोर्ट के अनुसार वह 22 जून को दिल्ली से उदयपुर घूमने आई थी और अंबामाता थाना क्षेत्र के एक होटल में ठहरी हुई थी। सोमवार शाम वह पार्टी के लिए निकली थी, जहां युवक से उसका परिचय हुआ। बातचीत के दौरान युवक ने पहले दोस्ती जताई और फिर बहाने से अपने घर ले गया। युवती ने कई बार उसे होटल वापस छोड़ने को कहा, लेकिन युवक ने इनकार कर दिया। उसका मोबाइल भी डिस्चार्ज हो गया था, जिससे वह किसी से संपर्क नहीं कर सकी।

अपार्टमेंट पहुंचने पर युवक ने जबरदस्ती करने की कोशिश की। युवती ने जब प्रतिरोध किया तो उसने बलपूर्वक दुष्कर्म किया। इसके बाद युवती की तबीयत बिगड़ गई और वह किसी तरह निजी अस्पताल पहुंची। अस्पताल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई।

पुलिस ने युवक की पहचान कर ली है और उसकी तलाश जारी है। आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और युवक के मोबाइल की लोकेशन भी ट्रैक की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

इस घटना ने एक बार फिर पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है। पर्यटन नगरी उदयपुर में विदेशी मेहमानों के साथ हुई यह घटना प्रशासनिक स्तर पर सतर्कता और निगरानी व्यवस्था की विफलता को उजागर करती है।

# भीलवाड़ाः प्रसूता की मौत पर परिजनों का हंगामा, इलाज में लापरवाही का आरोप, अस्पताल प्रबंधन पर उठे सवाल



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, भीलवाड़ा। भीलवाड़ा के सुभाषनगर थाना क्षेत्र स्थित केशव पोरवाल हॉस्पिटल में सोमवार रात डिलीवरी के दौरान एक प्रसूता की मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल में परिजनों ने जमकर हंगामा किया और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। मृतका की पहचान बनवारी कोटियाणा की पत्नी सीमा (26) निवासी भीलवाड़ा के रूप में हुई है। 14 यूनिट ब्लड मंगाया, फिर भी नहीं बच सकी जान सीमा के जेठ राजेश कोटियाणा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सोमवार दोपहर को डिलीवरी के लिए सीमा को अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने कहा था कि शाम 5 से 5:30 बजे के बीच नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी। इसी आधार पर उसे भर्ती कर लिया गया। कुछ ही देर में ब्लड की आवश्यकता बताई गई और परिजनों ने तुरंत 14 यूनिट ब्लड की व्यवस्था कर दी। राजेश के अनुसार, कुछ समय बाद अस्पताल की एक नर्स ने कहा कि स्थिति गंभीर है और या तो बच्चा बचेगा या माँ। परिवार ने माँ को बचाने की प्राथमिकता दी। लेकिन, उन्हें शक है कि तब तक सीमा की मौत हो चुकी थी। अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें गुमराह किया और सही जानकारी नहीं दी गई।

### डॉक्टर नहीं थे मौजूद, CPR चलती रही

परिजनों का कहना है कि जब वे सीमा की हालत जानने की कोशिश कर रहे थे, तब उन्हें कमरे के अंदर नहीं जाने दिया गया। ड्यूटी पर कोई डॉक्टर नहीं था, सिर्फ नर्स CPR देती रही। जब देर रात उनकी पत्नी अंदर पहुंची, तो सीमा में कोई हलचल नहीं थी। कुछ देर बाद अस्पताल प्रबंधन ने मौत की पुष्टि की।

### समय पर इलाज नहीं मिला, पुलिस को बुलाया गया

राजेश कोटियाणा का कहना है कि अगर समय रहते इलाज मिल जाता तो सीमा की जान बचाई जा सकती थी। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने गंभीर लापरवाही बरती और परिजनों को लगातार भ्रमित करता रहा। जब उन्होंने सवाल किए तो अस्पताल ने पुलिस बुला ली। रात को पुलिस ने बॉडी को अपने कब्जे में ले लिया, लेकिन यह नहीं बताया गया कि शव कहां रखा गया है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति उनसे बात करने तक को तैयार नहीं हुआ। सुभाषनगर थाना प्रभारी शिवराज ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां पहले से बड़ी संख्या में परिजन मौजूद थे, जो काफी आक्रोशित थे। उन्हें समझाकर शांत कराया गया। प्रसूता के शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि परिजनों की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई भी अधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। परिजन अस्पताल के रवैये से बेहद आहत हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# डूंगरपुर में ग्राम विकास अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तारःपीएम आवाज की किश्त जारी करने के लिए मांगे 5 हजार रुपए



**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर में एसीबी टीम ने पंचायत समिति की ग्राम पंचायत वागदरी के ग्राम विकास अधिकारी को 5 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम विकास अधिकारी ने पीएम आवाज की दूसरी और तीसरी किश्त जारी करने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। फिलहाल एसीबी अपनी कार्रवाई कर रही है।

एसीबी चौकी के प्रभारी रतनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि एसीबी चौकी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, डूंगरपुर को 19 जून को वागदरी निवासी एक परिवादी ने शिकायत की थी। शिकायत में बताया था कि उसकी पत्नी के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 15 हजार रुपए कि पहली किश्त जमा हुई थी। वहीं शेष किश्त राशि अभी जमा होना बाकी है, जिस पर वागदरी पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी रितिक पटेल ग्राम विकास अधिकारी द्वारा दूसरी और तीसरी किश्त बैंक से जारी करवाने की कार्रवाई की एवज में 15 हजार रुपए की मांग की जा रही है। शिकायत पर एसीबी की ओर से सत्यापन करवाया गया। जिसमें आरोपी द्वारा परिवादी से एडवांस 5 हजार रुपए रिश्वत राशि और दूसरी किश्त आने के बाद 10 हजार रुपए लेने की बात कही। जिस पर एसीबी की टीम ने ट्रैप का जाल बिछाया और पंचायत में ही परिवादी से 5 हजार रुपए की राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी ग्राम विकास अधिकारी का सरकारी नौकरी में प्रोबेशन पूरा होने में सिर्फ 1 माह ही शेष था। फिलहाल एसीबी की टीम अपनी कार्रवाई कर रही है।

# बांसवाड़ा में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ होगी कार्रवाईःकलेक्टर ने दिए निर्देश



**24 न्यूज अपडेट**

बांसवाड़ा कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को कलेक्टर डॉ इंद्रजीत यादव की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सबसे पहले सेक्टर बैठकों की नींव मजबूत की जाए। वह बैठकें जितनी अच्छी होगी, उतना ही अचीवमेंट अच्छा रहेगा। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि आशाओं को सेक्टर बैठक के दौरान प्रशिक्षण दिया जाए। यह प्रशिक्षण एक तरफा न हो, इसे प्रायोगिक तौर पर किया जाए। सभी विषय की बजाए हर बार एक विषय का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि आशाओं को पीसीटीएस से इंसेटिव लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। विशेष सत्र आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचएल ताबियार ने सभी बीसीएमओ को 108, 104 और एमएमयू एबुलेंस का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में 1 जुलाई से शुरू होने वाले स्टॉप डायरिया अभियान को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए गए। सभी बीसीएमओ को अभियान की निगरानी रखने और अधिक से अधिक संख्या में सर्वे कर ओआरएस का घरों में वितरण करने के निर्देश दिए। डॉ. ताबियार ने पंडित दिनदयाल उपाध्याय अन्तयोदय पखवाड़े में चिकित्सा विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे।

### एनसीडी स्क्रीनिंग और टीबी प्रोग्राम पर रहेगी निगरानी

जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने गांवों में एनसीडी स्क्रीनिंग और टीबी प्रोग्राम पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से इन दोनों कार्यक्रमों में शत प्रतिशत अचीवमेंट और अधिक से अधिक संख्या में लोगों की जांच करवाने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी डॉ. राहुल डिंडोर ने एनसीडी की वस्तुस्थिति की विस्तृत जानकारी दी। टीबी प्रोग्राम को लेकर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. पीके वर्मा ने जिले की अब तक की स्थिति के बारे में अवगत कराया।

# राजसमंद में 9 लोगों पर मारपीट-छेड़छाड़ का मामला दर्जःटोगी गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुआ झगड़ा




**24 न्यूज अपडेट**

राजसमंद के भीम पुलिस थाने में 9 लोगों के खिलाफ मारपीट व छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ है। थाने में सोमवार 23 जून को पीड़ित नारायण सिंह पुत्र देवी सिंह निवासी मकना पीथा का बाडिया, गांव टोगी ने यह मामला दर्ज कराया है। जिसमें जमीन की चारदीवारी में जबरदस्ती घुसकर उनके परिवार के साथ मारपीट कर महिलाओं के साथ छेडछाड़ करने की शिकायत दर्ज कराई है।

रिपोर्ट में नारायण सिंह ने बताया कि उनकी माता धापू देवी पत्नी देवी सिंह को इंदिरा गांधी नसबंदी योजना के तहत जमीन हीन परिवार के तहत नसबंदी कराने पर 5 बीघा जमीन 1986 में आवंटित हुई थी। इस जमीन पर 2007 से उनकी माता व परिवार के सदस्य मकान का निर्माण कर स्थायी रूप से निवास कर रहे थे। यह जमीन हाईवे पर स्थित होने के कारण बेशकीमती है। और इसी योजना के तहत सादुलराम पुत्र लच्छीराम प्रजापत को भी 5 बीघा जमीन आवंटित हुई थी, जो उनके पास ही स्थित है।

नारायण सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि शनिवार 21 जून की दोपहर करीब 12.30 बजे के पास आरोपी बलवीर सिंह पुत्र शंकर सिंह अपने 20-25 साथियों के साथ जबरदस्ती से उनकी चारदीवारी में घुस गए और परिवार के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। इस दौरान उनकी भाभी सुशीला देवी पत्नी माल सिंह के साथ दुर्व्यवहार किया, हाथ पकड़कर जोर से खिंचा और धक्का देकर गिरा दिया। वही साथ में आए युवक पत्थर फेंकने लगे। इस दौरान महिपाल, शिवराज सिंह, राजेश मेवाड़ा, राम सिंह, नरसिंह रावत, करण रावत, दुर्गावास, वीरेंद्र सिंह, अजय फुलवारी व अन्य साथी साथ में थे। इस झगड़े का उन्होंने वीडियो भी बनाया है।

नारायण सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भीम पुलिस थाना सीआई भंवर लाल कुमावत ने बताया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर सोमवार रात को मामला दर्ज कर लिया गया और जांच उमेश कुमार को सौंपी है।

# जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन के बीच रेल लाइन नवीनीकरण का काम पूरा:150 करोड़ का प्रोजेक्ट तीन चरणों में 21 माह में हुआ 104 किमी रेलखंड तैयार



24 न्यूज अपडेट

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर जोधपुर से मारवाड़ जंक्शन रेलवे स्टेशनों के बीच डेढ़ सौ करोड़ रुपए की लागत से रेल लाइन के नवीनीकरण का कार्य पूरा करवा लिया गया है। इससे इस रेल मार्ग पर रेल संचालन सुरक्षित होगा तथा ट्रेनों की स्पीड में भी वृद्धि हो सकेंगी।

जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जोधपुर से मारवाड़ जंक्शन स्टेशनों के बीच रेल लाइन बदलने का कार्य तीन चरणों में कराया गया जिसके पहले चरण में जोधपुर से लूणी, दूसरे चरण में लूणी से पाली मारवाड़ और तीसरे चरण में पाली मारवाड़ से मारवाड़ जंक्शन स्टेशनों के मध्य चरणबद्ध तरीके से यह कार्य कराया गया।

उन्होंने बताया कि यह रेलखंड अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें 'डी' मार्क की गई पटरियाँ विद्यमान थीं इन पटरियों को प्राथमिकता के आधार पर बदलना आवश्यक था। इस कार्य की पूर्णता से अब इस रेल खंड की सुरक्षा और संचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

रिपाठी ने बताया कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मंडल के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रतिबद्धता तथा महाप्रबंधक अमिताभ के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। यह कार्य रेलवे की सुरक्षा प्राथमिकताओं की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

### क्यों जरूरी होता है रेल लाइन का बदलना

रेलवे में सीटीआर का तात्पर्य है किसी रेल सेक्शन में पुरानी रेल पटरियों का टिकाऊपन पहले की तुलना में कम या उनकी क्षमता कम होने पर स्लीपरों और बैलास्ट को हटाकर उनकी जगह नई और वर्तमान की तकनीक से बनी उच्च श्रेणी की सामग्री लगाना। इसका उद्देश्य ट्रैक की मजबूती, स्थायित्व और सुरक्षा सुनिश्चित करना होता है।

# जयपुर में शौक पूरा करने बाइक चोर बने:महंगे कपड़े, घड़ी, मोबाइल खरीदते और पार्टी करते, दो गिरफ्तार; एक नाबालिग को भी पकड़ा



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर में दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। तीन पावर बाइक समेत 8 चोरी की बाइक जब्त की गई है। एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है, जिसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। रिकवर की गई बाइक जयपुर के महेश नगर, रामनगरिया और ब्रह्मपुरी इलाके से चोरी हुई थीं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी लग्जरी लाइफ जीने के लिए ऑन डिमांड वाहन चोरी करता था। फिर कम रुपए में बेचकर शौक पूरे करता था। ब्रह्मपुरी थाना सीआई राजेश गौतम ने बताया- 20 जून को साहिल नाम के युवक ने बाइक चोरी की सूचना थाने में दी। इस पर पुलिस टीम ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एक टीम ने मौके पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज चैक किए। बदमाशों ने वारदात से पहले जिस बाइक से रैकी की उस बाइक की पहचान होने पर पुलिस ने अलवर निवासी सचिन मीणा को डिटेन कर पूछताछ की।

### दोस्त और नाबालिग के साथ मिलकर वाहन चोरी करते

पूछताछ में साहिल ने बताया- उसका दोस्त सचिन और एक अन्य नाबालिग मिलकर वाहन चोरी करते हैं। इस पर पुलिस टीम ने सचिन मीणा और नाबालिग को डिटेन किया। नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। वहीं, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई।

### महंगे पकड़े, जूते, घड़ी, मोबाइल खरीदते थे

गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने बताया- वह मूल रूप से अलवर थानागाजी के रहने वाले हैं। लग्जरी लाइफ जीने के लिए वाहन चोरी करना शुरू कर दिया। जयपुर सिटी में कई वाहन चोरी कर चुके हैं। ऑन डिमांड वाहन चोरी कर के सस्ते दाम में चोरी की बाइक को बेच दिया करते हैं। जो पैसा मिलता उससे कमरे का किराया, होटल में खाना, क्लब जाना, महंगे कपड़े, जूते, घड़ी, मोबाइल खरीदते थे। जो पैसा बचता, उससे पार्टी रते थे।

# पूर्व मंत्री के बेटे की कंपनी में घोटाले की रकम का निवेश, ईडी ने महेश जोशी समेत कई के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। जल जीवन मिशन (जेजेएम) में हुए 980 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को इस मामले में एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए पूरक चार्जशीट दाखिल कर दी। चार्जशीट में पूर्व सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) मंत्री महेश जोशी, उनके बेटे रोहित जोशी, उनके करीबी सहयोगी संजय बड़ाया सहित 22 लोगों और कंपनियों को आरोपी बनाया गया है। ईडी ने बताया कि घोटाले की रकम को सफेद करने के लिए एक सोची-समझी साजिश के तहत उसे मंत्री के बेटे की कंपनी में निवेश किया गया। ईडी की जांच में सामने आया है कि मंत्री महेश जोशी के करीबी कारोबारी संजय बड़ाया ने कमीशन की रकम को विभिन्न माध्यमों से रोहित जोशी की कंपनी 'मेसर्स सुमंगलम लैंडमार्क' में लगाया। यह निवेश करोड़ों रुपये का था, जिसे वैध व्यावसायिक फंडिंग का रूप देने की कोशिश की गई। ईडी अधिकारियों ने बताया कि यह पैसा पाइपलाइन बिछाने से जुड़े टेंडरों में हेराफेरी कर हासिल किया गया था, जिसमें पीएचईडी के इंजीनियरों और निजी कंपनियों की मिलीभगत थी। चार्जशीट में महेश जोशी, उनके बेटे रोहित जोशी, कारोबारी संजय बड़ाया, ठेकेदार पदम चंद जैन, महेश मित्तल, पीएचईडी के अधिकारी मायालाल सैनी, राकेश सिंह, मलकीत सिंह, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, महेंद्र प्रकाश सोनी, विशाल सक्सेना, हिमांशु रावत, नमन खंडेलवाल, तन्मय गोयल और हेमराज गुप्ता सहित कई नाम शामिल हैं। चार्जशीट में इन सभी पर पीएमएलए की धारा 3 और 4 के तहत मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

इससे पहले 24 अप्रैल 2025 को ईडी ने महेश जोशी को गिरफ्तार किया था और इसके कुछ ही दिन पहले एजेंसी ने 47.80 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की थी। जब्त संपत्तियों में महेश जोशी, उनके बेटे, संजय बड़ाया, पदम चंद जैन और विशाल सक्सेना की संपत्तियां शामिल हैं। ईडी की जांच के अनुसार यह घोटाला वर्ष 2021 में शुरू हुआ, जब मेसर्स श्री गणपति ट्यूबवेल और मेसर्स श्याम ट्यूबवेल जैसी कंपनियों ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर जलदाय विभाग के करोड़ों रुपये के टेंडर हासिल किए। गणपति ट्यूबवेल ने 68 टेंडरों में भाग लिया और 31 में एल-1 बनकर 859.2 करोड़ रुपये के काम प्राप्त किए, जबकि श्याम ट्यूबवेल ने 169 में से 73 टेंडर जीतकर 120.25 करोड़ रुपये के ठेके लिए। इस पूरे प्रकरण में ठेकेदारों और इंजीनियरों की मिलीभगत से नियमों की अनदेखी की गई और सरकार को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। इस घोटाले की शिकायत पहली बार फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश निवासी पदम सिंह द्वारा ईमेल के माध्यम से की गई थी। इसके बाद मार्च 2023 में जयपुर के वकील मनेश कलवानिया ने भी शिकायत दर्ज कराई। मई 2023 में वित्तीय समिति की बैठक में आरोपों की जानकारी होते हुए भी टेंडर पारित कर दिए गए। अगस्त 2023 में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कार्रवाई करते हुए इंजीनियर मायालाल सैनी, ठेकेदार पदम चंद जैन, सुपरवाइजर मलकीत सिंह और दलाल प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया। सितंबर 2023 में एसीबी ने फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर टेंडर पाने के मामले में एफआईआर दर्ज की, और उसी दौरान बीजेपी नेता किरोड़ी लाल मीणा ने ईडी में शिकायत दी। इसके बाद ईडी ने अपनी जांच शुरू की और संबंधित ठिकानों पर छापेमारी की।

तीन मई 2024 को केंद्र सरकार की अनुमति के बाद सीबीआई ने भी मामला दर्ज किया और चार मई को ईडी ने अपनी जांच के सबूत एसीबी को सौंप दिए। अंततः 30 अक्टूबर 2024 को एसीबी ने महेश जोशी समेत 22 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और 24 अप्रैल 2025 को जोशी की गिरफ्तारी हुई। अब ईडी द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट के बाद यह मामला एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है, और संभावना है कि इसमें कई अन्य नाम भी जल्द सामने आ सकते हैं।

# रेलवे अंडरपास में जलभराव से राहत के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने की विशेष तैयारी, 18.32 करोड़ की लागत से 167 स्थानों पर पंप और 328 चौकीदार तैनात




24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। मानसून के दौरान रेलवे अंडरपास में जलभराव की पुरानी समस्या से निजात दिलाने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने व्यापक और ठोस कदम उठाए हैं। रेलवे प्रशासन ने अंडरपास में पानी भरने की आशंका वाले सभी स्थानों की पहचान कर वहां जल निकासी और यातायात सुरक्षा की विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। इस कार्य पर वर्ष 2024–25 के दौरान कुल 18.32 करोड़ की पूंजीगत व्यय किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ के निर्देश पर आयोजित संरक्षा बैठक में इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया गया और रेलवे के संबंधित विभागों को जलभराव से निपटने के लिए आवश्यक निर्माण और तकनीकी उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए। इसके अनुपालन में अंडरपास में पानी के बहाव को रोकने के लिए बांध और अन्य निर्माण कार्य किए गए हैं, वहीं पहले से बने जल पुनर्भरण कुओं की सफाई व गहरीकरण भी करवा दिया गया है ताकि बारिश का पानी शीघ्र निकाला जा सके।

रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे ने 167 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) पर जल निकासी के लिए पंप लगाए हैं, जिससे जलभराव की स्थिति में तुरंत पानी निकाला जा सके। साथ ही, भारी वर्षा की स्थिति में यातायात को नियंत्रित करने और किसी भी दुर्घटना से बचाव के लिए 328 स्थायी चौकीदारों की तैनाती की गई है।

सड़क यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी अंडरपासों पर जल स्तर मापक मार्किंग की गई है। इसके अतिरिक्त, खतरनाक जल स्तर की स्थिति में लोगों को आगाह करने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। प्रत्येक अंडरपास पर जलभराव की स्थिति की सूचना रेलवे को देने के निर्देश भी अंकित किए गए हैं, जिससे समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

रेलवे ने यह भी सुनिश्चित किया है कि आस-पास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों से अंडरपास में पानी बहकर आने की स्थिति को रोकने के लिए स्थानीय निकायों और पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए। इस सहयोग से प्राकृतिक जल प्रवाह को नियोजित ढंग से नियंत्रित किया जा सकेगा और अंडरपास की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

रेलवे प्रशासन का यह प्रयास मानसून में यात्रियों की सुरक्षा, निर्बाध यातायात और संरक्षा प्रबंधन के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जिससे रेलवे नेटवर्क पर आवागमन बाधित न हो और यात्रियों को परेशानी से बचाया जा सके।

# दौसा पुलिस का बड़ी कार्रवाई : 10,000 के इनामी सैंथल फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका




24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर 24 जून। दौसा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। साइबर सेल दौसा और सैंथल थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दिसंबर 2024 में सैंथल कस्बे में हुई गोलीबारी की घटना के मुख्य आरोपी रामजीलाल मीना को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित था। इस अभियान में दौसा साइबर सेल के कांस्टेबल जगमाल सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज, अजयपाल लाम्बा और एसपी सागर राणा के कुशल नेतृत्व में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूशरण राव व वृत्ताधिकारी रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में यह गिरफ्तारी संभव हो पाई है।

यह घटना 27 दिसंबर 2024 को घटी थी, जब एक परिवादी ने सैंथल थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई। परिवादी के अनुसार वह अपने दोस्तों के साथ अपनी थार गाड़ी से आंधी में अपने रिश्तेदारों से मिलकर अपने गांव गोला का बास जा रहा था। सुबह करीब 10:30 बजे रतन की थडी नदी की पुलिया सामने से आ रही एक कैम्पर बोलेरो ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। बोलेरो से बिट्टू मीना, आशा मीना, रामजीलाल मीना, शिवप्रसाद मीना अपने हाथों में पिस्टल, कट्टा और धारदार हथियार लेकर उतरे। उनके साथ 8-10 अन्य लोग भी थे, जिन्हें परिवादी पहचान नहीं सका।

उतरते ही उन्होंने परिवादी और उसके दोस्तों पर हमला कर दिया और उनकी गाड़ी पर सरियों से जमकर तोड़फोड़ की। जब वे गाड़ी से निकलकर भागने लगे तो हमलावरों ने उन पर पिस्टल और कट्टे से 3-4 फायर किए। हालांकि परिवादी और उसके दोस्त बाल-बाल बच गए, लेकिन हमलावरों ने उनकी गाड़ी को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और गाड़ी के डैशबोर्ड में रखे 48,500 रुपये नकद और एक सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। इस रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर गहन जांच शुरू की गई थी।

सैंथल में हुई इस गंभीर फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद मुख्य अभियुक्त रामजीलाल मीना अपने परिवारजनों और साथियों से संपर्क तोड़कर फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, एसपी राणा ने मुख्य आरोपी का पता लगाने के लिए साइबर सेल दौसा के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक प्रेमनारायण शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष तकनीकी टीम का गठन किया। कांस्टेबल जगमाल सिंह को इस कार्य में विशेष निर्देश दिए गए और लगातार निगरानी की गई।

गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष टीम बना उसे तुरंत रवाना किया गया। टीम ने बस्सी, कानोता, प्रेमनगर, बजाज नगर, महेश नगर, गांधी नगर सहित कई संभावित ठिकानों पर अपराधी के संबंध में खुफिया जानकारी जुटाई। अथक प्रयासों के बाद गांधी नगर क्षेत्र में सड़क पर गाड़ी के साथ रामजीलाल मीना को सफलतापूर्वक हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार आरोपी रामजीलाल मीना को सैंथल थाना पुलिस को सौंप दिया गया है।

# कुम्हेर से लापता हुए विनोद कुमार जायसवाल, परिवार चिंतित, पुलिस तलाश में जुटी



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर 24 जून। कुम्हेर थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है, जिससे उसके परिवार में गहरी चिंता व्याप्त है। विनोद कुमार जायसवाल (56) पुत्र सूरज प्रसाद निवासी ग्राम व पोस्ट बड़गांव, तहसील नांगल राजावतान, जिला दौसा 10 जून को कुम्हेर में अपने किसी रिश्तेदार के जन्मदिन समारोह में शामिल होने आए थे।

गुमशुदा के परिवार ने बताया कि विनोद कुमार जायसवाल का रंग सांवला है और उनकी लंबाई 5 फुट 6 इंच है। उनका शरीर मध्यम और कमजोर है और उनका चेहरा सांवला है। लापता होने के समय उन्होंने पेंट-शर्ट पहन रखी थी और पैरों में चप्पल थी।

लापता विनोद के पुत्र राहुल ने बताया कि उनके पिता 10 जून को जन्मदिन समारोह में शामिल होने आए थे। 11 जून की सुबह वे गांव के लिए निकले, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिवार ने कई जगहों पर तलाश की है, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली है। इस घटना ने परिवार को सदमे में डाल दिया है और वे बेसब्री से उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं।

इस संबंध में कुम्हेर थाना पुलिस को सूचित कर दिया गया है और पुलिस ने विनोद जायसवाल की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस से सहयोग की अपील की गई है ताकि उन्हें जल्द से जल्द ढूंढा जा सके। यदि आपको विनोद कुमार जायसवाल के बारे में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया थानाधिकारी कुम्हेर, पुलिस अधीक्षक डीग कार्यालय एवं परिजनों के मोबाइल नम्बर 9414463947, 9785063795, 9799999497 पर तुरंत संपर्क करें।

# बाड़मेर पुलिस की बड़ी सफलता: 10,000 के इनामी बदमाश को 'धरकरभर' अभियान में दबोचा



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर 24 जून। बाड़मेर पुलिस को 'धरकरभर' नामक विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस थाना रीको की टीम ने एक साल से फरार चल रहे 10,000 के इनामी बदमाश हुकमसिंह जाट को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर धोखाधड़ी, चोरी और अवैध हथियार रखने सहित कई गंभीर अपराधों में मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी नरेन्द्र सिंह मीना ने इस गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस महानिरीक्षक, जोधपुर रेंज के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान 'धरकरभर' के तहत यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस और वृताधिकारी रमेश शर्मा के सुपरविजन में थाना रीको पर गठित टीम ने इस बड़ी कामयाबी को अंजाम दिया।

एसपी मीना ने बताया कि रीको थानाधिकारी मनोज सामरिया और उनकी टीम ने आसूचना और तकनीकी सहयोग का इस्तेमाल करते हुए आरोपी हुकम सिंह पुत्र मगाराम जाट निवासी भुरटिया थाना नागाणा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी थाना रीको पर दर्ज धोखाधड़ी, चोरी और अवैध हथियार रखने के मामले में करीब 1 वर्ष से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10,000 के इनाम की घोषणा भी की गई थी।

गिरफ्तार मुलजिम के विरुद्ध फरवरी 2015 में थाना कोतवाली बाड़मेर में मारपीट, डकैती, तोड़फोड़ और आपराधिक साजिश, वर्ष 2017 में थाना बाड़मेर ग्रामीण में मारपीट, हत्या का प्रयास, हत्या और अवैध हथियार रखने और 23 जून 2024 को थाना रीको पर धोखाधड़ी, चोरी और अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज है।

आरोपी की तलाश एवं गिरफ्तारी में एसएचओ मनोज सामरिया सहित एएसआई सांवरा राम, कांस्टेबल निंबा राम वीरम, हरजी राम और चेना राम शामिल थे।



# उदयपुर में फैलता हुक्काबार का जहर, 'धुंआधार' शामों में बर्बाद हो रही युवा पीढ़ी, मिलीभगत से मालामाल हो रहे संचालक




**24 न्यूज अपडेट**

झीलों की नगरी उदयपुर यहां की समृद्ध परम्पराओं, त्याग, बलिदान व आन बान और शान की रक्षा में मर मिटने के संकल्प के लिए जानी जाती है। लेकिन आजकल यहां के कई युवा तेजी से पनपती हुक्का बार की धुआंधार संस्कृति पर मर मिटने पर आमादा हो रहे हैं। अपनी जवां शामों को धुआं धुआं करते हुए माता पिता की कमाई को लाखों में लुटा रहे हैं। बदले में अवसाद और अपराध के शिकार हो रहे हैं। पारिवारिक तनाव और टूटते रिश्तों का कारण बन रहे हैं। हमारा शांत व सौम्य उदयपुर आज एक गंभीर सामाजिक संकट की गिरफ्त में आता नजर आ रहा है। यह संकट आधुनिकता के नाम पर परोसी जा जा रहे ऐसे जहर से है जो धीरे-धीरे पूरे समाज को निगलने पर आमादा हो रहा है।

आज हम बात कर रहे हैं उदयपुर में तेजी से फैल रही हुक्काबारों की अंधाधुंध और बेतरतीब संस्कृति की। इसका ग्लैमर युवाओं को नशे, भटकाव और अपराध के कगार पर धकेल रहा है। पुलिस और प्रशासन के अलावा पूरे उदयपुर शहर को पता है कि हुक्काबार कहां-कहां चल रहे हैं। किस गली के किस कोने में शामें रंगीन होने का बंदोबस्त सरेआम है। कहां पर ग्लैमरस चेहरों की आड़ में दलाली के खुले खेल चल रहे हैं। शहर की परिधि पर बसे इलाकों व सहित कई प्रमुख जगहों पर अवैध हुक्काबारों की रंगीनियों में युवा पीढ़ी डूबने लगी है। महंगे हुक्का फ्लेवर्स, झिलमिलाती लाइटें, धीमा संगीत सहित अन्य बंदोबस्त वाले माहौल में युवाओं को वर्चुअल अट्रेक्शन परोसा जा रहा है जिसमें डूबने के बाद नैतिकता का कोई बंधन ही नहीं जाता है। हुक्का बार की लत में डूबे कई संभ्रत परिवारों के युवा गंभीर मानसिक बीमारियों के भी शिकार हो गए हैं। जानकार बताते हैं कि इन बार में जो हसीन चेहरे आमंत्रण और निमंत्रण देते हुए नजर आते हैं दरअसल वे पहले से प्लान्ड होते हैं। उनका मकसद मालदार मछलियों और मोटे आसामियों को फंसाना होता है। मीठी बातों के सिलसिले ना जाने कब युवाओं को दुष्कर्म के आरोपों की दहलीज तक पहुंचा देते हैं, पता ही नहीं चलता। अवैध हुक्काबारों के संचालकों का एक मात्र मकसद जमकर माल कूटना है। इनको युवा पीढ़ी से ना कोई सरोकार है ना उदयपुर के सामाजिक ताने बाने का खयाल। कैसे भी हो, मुर्गा फंसने की देरी है। एक बार मुर्गा जाल में फंस गया तो फिर उसका मोटा बिल बनना तय है। उसके लिए चाहे जो जायज-नाजायज ही क्यों ना करना पड़ जाए। याने कि कानून की आंखों में धुआं और अपराधियों की चांदी। सबसे खतरनाक बात यह है कि इन हुक्काबारों में से अधिकांश बिना वैध लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं। रात 11 बजे के बाद तक खुले रहना, नाबालिगों को प्रवेश देना, प्रतिबंधित रसायनों का उपयोग करना, यहां पर सब खुलेआम चल रहा है। कानून का कोई डर ही नहीं है। हम ये नहीं कह रहे हैं कि इनकी सेटिंग चलती है। मगर हम इस आशंका से इनकार भी नहीं कर रहे हैं कि ऐसा नहीं हो रहा होगा। पुलिस और प्रशासन की भूमिका केवल दर्शक की है क्योंकि मुंह को बंद रखने के यहां अच्छे खासे इंतजाम हो जाते हैं। अगर ये अवैध गतिविधियां प्रशासनिक तंत्र की जानकारी में होते हुए भी फल-फूल रही हैं तब तो यह और भी ज्यादा चिंता की बात है। उदयपुर में कभी-कभार औपचारिक कार्रवाइयों की खबर आती है, लेकिन हकीकत में इन बारों को एकदम छत्रछांया वाला फुलप्रूफ संरक्षण प्राप्त होता दिखाई देता है। हुक्काबारों का 'धुआं' केवल एक तात्कालिक नशा नहीं, बल्कि धीरे-धीरे आत्मा को खोखला करने वाला जहर भी है। युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य और उसके कॅरियर, भविष्य की उम्मीदों पर भी इसका गहरा प्रभाव हो रहा है। खास बात ये है कि आजकल इसमें विदेशी महिलाओं की भी एंट्री हो गई है। याने कारोबार जबर्दस्त फल फूल रहा है। लेकिन जब जब मामला आपसी समझाइश से परे ब्लैक मैलिंग और जो जबरदस्ती तक चला जाता है तब उदयपुर की छवि पूरी दुनिया में बदनाम होती है। अगर आप संवदेनशील हैं व शहर को ऐसी विकृतियों से बचाना चाहते हें तो आज और अभी बीमारी को जड़ से मिटाने का संकल्प करें। अब नहीं चेते, तो कल बुरी तरह से पछताएंगे। अवैध हुक्काबार केवल चाय-कॉफी या मस्ती के स्थान नहीं हैं। नशे और नैतिक पतन की इन प्रयोगशालाओं का खुलकर विरोध करने का समय आ चुका है। केवल छापे या जुर्माने सू कुछ नहीं होने वाला। एक बहुआयामी, ठोस और दीर्घकालिक रणनीति की आवश्यकता है। प्रशासन को चाहिए कि तुरंत हुक्का अवैध बारों को बंद करे। पुलिस तंत्र में पारदर्शिता लाए और सिविल सोसाटी को साथ लेकर स्वतंत्र निगरानी समितियों का गठन करें। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक करें। माता-पिता भी खुद एट पीएम की संस्कृति को छोड़ कर बच्चों को इनसे दूर रहने के संस्कार दें।

# "रंगनायक 2025" : 25 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का भावपूर्ण समापन, दो सशक्त नाटकों ने जीता दर्शकों का दिल



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। टीम संस्था द्वारा आयोजित 25 दिवसीय ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला "रंगनायक 2025" का समापन दो प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियों के साथ हर्षोल्लास और आत्मीय माहौल में संपन्न हुआ। इस गहन प्रशिक्षण शिविर का निर्देशन सुप्रसिद्ध रंगकर्मी एवं थिएटर निर्देशक सुनील टांक ने किया। कार्यशाला में दो वर्गों — जूनियर (7 से 15 वर्ष) और सीनियर (18 वर्ष से ऊपर) — के कुल 37 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पिछले 25 दिनों तक चले इस रंगमंचीय प्रशिक्षण में बच्चों और युवाओं को अभिनय की बारीकियों से गहराई से परिचित कराया गया। प्रतिभागियों ने शारीरिक अभिव्यक्ति, संवाद कौशल, भाव-भंगिमा, रंगमंचीय अनुशासन और नाट्यशास्त्र की मूल अवधारणाओं पर व्यावहारिक अभ्यास किया। साथ ही थियेटर गेम्स, रोल-प्ले और अभिनय एक्सरसाइज़ के ज़रिए उनमें आत्मविश्वास और मंचीय क्षमता का सशक्त विकास हुआ।

समापन समारोह की विशेष प्रस्तुतियां समापन अवसर पर मंचित हुए दोनों नाटकों ने दर्शकों को गहराई से छू लिया। जूनियर वर्ग की प्रस्तुति "आओ बड़ो तुम्हें सिखाएं" में बालमन की मासूमियत और जीवन की सहज सच्चाइयों को सरल, प्रभावशाली तरीके से उजागर किया गया। वहीं सीनियर वर्ग ने "उड़ान" के माध्यम से सपनों, संघर्ष और आत्मविश्वास की कहानी को मंच पर सजीव किया। इन दोनों नाटकों की लेखन और निर्देशन की जिम्मेदारी भी सुनील टांक ने स्वयं निभाई। प्रस्तुतियों में कहीं बाल कलाकारों की मासूमियत पर दर्शक हंस पड़े, तो कहीं संवेदनशील दृश्यों ने आंखें नम कर दीं। दोनों ही प्रस्तुतियों को दर्शकों ने न केवल सराहा, बल्कि उनसे भावनात्मक रूप से भी जुड़ाव महसूस किया। प्रकाश योजना, मंच सज्जा और पार्श्व संगीत ने प्रस्तुतियों की प्रभावशीलता को कई गुना बढ़ा दिया। हर दृश्य सिर्फ मंचन न होकर एक सजीव अनुभव बन गया, जिसने दर्शकों को प्रस्तुति से बांधे रखा। दर्शकों ने कार्यशाला और प्रस्तुतियों को लेकर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां आज के समय में नवोदित पीढ़ी को मोबाइल और आभासी दुनिया की एकरसता से बाहर लाकर जीवन के वास्तविक और मानवीय मूल्यों से जोड़ती हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों और युवाओं को अभिव्यक्ति का मंच मिलता है, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में निर्देशक सुनील टांक ने सभी प्रतिभागियों, उनके अभिभावकों, तकनीकी सहयोगियों और दर्शकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। "रंगनायक 2025" केवल एक थिएटर वर्कशॉप नहीं, बल्कि रंगमंच की आत्मा को महसूस करने और मंचीय अनुशासन की वास्तविक अनुभूति का अवसर रहा। इसने न सिर्फ प्रतिभागियों के व्यक्तित्व में आत्मविश्वास और रचनात्मकता का संचार किया, बल्कि दर्शकों के मन पर भी एक अमिट छाप छोड़ी।

# मेवाड़ के सांवलिया सेठ मंदिर में खुले दान पात्र:पहले ही दिन निकले 10 करोड़ 25 लाख रुपए, गिनती अभी जारी



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़ ज़िले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भगवान श्री सांवलिया सेठ के मंदिर में मंगलवार को दान पात्र खोले गए। हर महीने की तरह इस बार भी अमावस्या से पहले चतुर्दशी के शुभ दिन पर भंडार खोला गया। पहले ही दिन 10 करोड़ 25 लाख रुपयों की गिनती की गई है।

दान पात्र को सुबह 11 बजे, मंदिर की राजभोग आरती के बाद खोला गया। इस मौके पर मंदिर मंडल की मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभा गौतम मौजूद रहीं। उनके निर्देशन में दान की गिनती शुरू की गई। मंदिर प्रशासन के अनुसार, दान की गिनती अभी जारी है और इसमें अभी कई चरण बाकी हैं।

अब तक जो राशि गिनी जा रही है, वह सिर्फ मंदिर परिसर में रखे गए दान पात्रों की है। भंडार के अलावा भेंट कक्ष में आए मनी ऑर्डर और बैंक ड्राफ्ट के रुपयों, ऑनलाइन से आए चढ़ावा राशि की ही काउंटिंग बाकी है। इसके अलावा सोने और चांदी के गहनों का तौल करना बाकी है। यह तौल आखरी दिन किया जाएगा। मंदिर समिति का अनुमान है कि इस बार गिनती में 4 से 5 दिन का समय लग सकता है। दान की पारदर्शी गिनती के लिए मंदिर प्रशासन ने सख्त निगरानी व्यवस्था की है। इस मौके पर नायब तहसीलदार और मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी शिव शंकर पारीक, मंदिर के सभी कर्मचारी बैंक के कर्मचारी मौजूद रहे।

भगवान श्री सांवलिया सेठ का मंदिर मेवाड़ अंचल का प्रमुख कृष्णधाम है। यहां देशभर से श्रद्धालु दान देने और मन्नतें मांगने आते हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां मांगी गई मुरादें जल्दी पूरी होती हैं। यही कारण है कि यहां दान की राशि हर साल बढ़ती जा रही है।

# किसानों ने गांवों से आकर उदयपुर में किया प्रदर्शन:अफीम डोडा चूरा नष्ट करने का विरोध, बोले- सी फॉर्म भराकर समाधान कराए



**24 न्यूज अपडेट**

अफीम डोडा चूरा की मांगों को लेकर आज गांवों से उदयपुर पहुंचे किसानों ने रैली निकाली। मावली, वल्लभनगर, भींडर, कानोड़ के किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। टाउनहॉल में एकत्रित हुए किसान रैली के रूप में देहलीगेट होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया।

किसानों की मांग थी कि आबकारी विभाग की ओर से साल 2018 से 2024 तक का डोडा चूरा मांगा गया, जो पिछले सालों का कृषक की ओर से उचित मुआवजे के अभाव में अपने खेतों में डालकर नष्ट कर दिया गया।

सभी ने मांग करते हुए कहा कि अब ऐसे में सभी किसानों के सी फॉर्म भरवाकर निस्तारण करवाया जाए। उन्होंने साल 2024-25 का डोडा चुरा के लिए कृषकों को उचित मुआवजा देकर नष्टीकरण करवाने की मांग की।

अफीम किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गेश जोशी ने बताया- आज सात साल का डोडा चूरा नष्ट के लिए कहा लेकिन सवाल यह है कि जब किसान के घर में अनाज सात साल नहीं रहता है तो डोडा चूरा कैसे रहेगा। पिछले छह साल के डोडा चूरा नष्ट का सी फॉर्म दिया जाए और जो वाजिब मुआवजा बनता है उसे दिया जाए।

# उदयपुर सर्राफा बाजार : सोना और चांदी के भावों में गिरावट, सोना स्टैंडर्ड 99,200 पर पहुँचा



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। स्थानीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना-चांदी के दामों में गिरावट दर्ज की गई। सर्राफा एसोसिएशन उदयपुर के अनुसार, सोना स्टैंडर्ड (999) का भाव आज 800 घटकर 99,200 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं सोना जेवराती (23 कैरेट) 770 टूटकर 95,230 प्रति 10 ग्राम रहा। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 735 की गिरावट के साथ 91,265 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी के दामों में भी गिरावट का रुख रहा। चांदी टंच (प्रति किलोग्राम) 1,400 टूटकर 1,05,400 पर पहुंच गई। वहीं चांदी चौरसा का भाव 1,500 की गिरावट के साथ 1,04,500 प्रति किलोग्राम दर्ज हुआ। पिछले दिन की तुलना में गिरावट गौरतलब है कि 23 जून को सोना स्टैंडर्ड 1,00,000 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था, जो आज घटकर 99,200 रह गया। वहीं चांदी भी सोमवार को 1,06,800 प्रति किलोग्राम पर थी, जो आज 1,05,400 रह गई। स्थानीय सर्राफा कारोबारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में कमजोरी और डॉलर इंडेक्स में मजबूती के चलते घरेलू बाजार में भी दाम घटे हैं। इसके अलावा विदेशी निवेशकों द्वारा की गई मुनाफावसूली का असर भी भावों पर पड़ा है। व्यापारियों ने बताया कि वैश्विक बाजार में अभी भी आर्थिक अनिश्चितता बनी हुई है। क्रूड ऑयल की कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतियों को लेकर निवेशक सतर्क हैं। ऐसे में सोना-चांदी के दामों में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। विशेषज्ञों ने सर्राफा निवेशकों को सलाह दी है कि वे फिलहाल भावों में स्थिरता का इंतजार करें और अंतरराष्ट्रीय बाजार के रुझान पर नज़र बनाए रखें।

# अंत्योदय संबल पखवाड़ाः जिलेभर की ग्राम पंचायतों में शिविरों के माध्यम से जारी सेवा वितरण, ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर, 24 जून। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर मंगलवार से प्रारंभ हुआ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अत्योदय सम्बल पखवाडा समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए राहत की सौगात सिद्ध हो रहा है। अभियान के पहले ही दिन आयोजित शिविरों में सैकड़ों लोगों को विभिन्न योजनाओं का हाथों हाथ लाभ मिला। इससे आमजन को संबल मिल रहा है।

**भाईयों का सपना हुआ साकार**

पंचायत समिति बडगांव की ग्राम पंचायत रामा में आयोजित शिविर में एक परिवार के भाईयों का लंबे समय से अधूरा सपना साकार हुआ। लाभार्थी भेरूसिंह पिता पिता प्यारसिंह, राजपुत, निवासी खरवडो की भागल रामा व सहखातेदारों ने ग्राम झिण्डोली पटवार मण्डल रामा में खातेदारी भूमि में मौके पर आपसी सहमति से बटवारा कर रखा था। लेकिन, भाईयो को जमाबन्दी में बटवाडे की जानकारी नही थी। इस सम्बन्ध में तहसील कार्यालय से जानकारी प्राप्त की परन्तु भाईयो में आपसी सहमति नहीं होने से काफी समय से राजस्व रिकॉर्ड में बटवारा नहीं हो पाया था। शिविर में उपखण्ड अधिकारी निरमा बिश्नोई, नायब तहसीलदार रमेश राजपुरोहित, प्रधान प्रतिभा नागदा व अन्य अधिकारियों ने समझाईश कर आपसी सहमती से राजस्व रिकॉर्ड में विभाजन किया। मौके पर ही राजस्व रिकॉर्ड में विभाजन का नामान्तरण खोला जाकर राजस्व रिकॉर्ड जमाबन्दी की नकल सभी भाईयो को अलग-अलग दी गई। इससे सभी भाई आनंदित हो उठे तथा माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**तैयार हुए 3 निक्षय मित्र**

भीण्डर उपखण्ड की ग्राम पंचायत सारंगपुरा में आयोजित शिविर में गांव के टीबी पीड़ितों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए तीन भामाशाह निक्षय मित्र बनने के लिए तैयार हुए। शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी रमेशचंद्र बहेडिया ने बताया कि ग्राम पंचायत सारंगपुरा भीण्डर में 3 टीबी पेशेंट आर्थिक रूप से सक्षम नही होने से सारंगपुरा गांव के तीन भामाशाह अर्जुन सिंह राणावत, स्वरूप सिंह राणावत एवं भगवत सिंह राव को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित किया। इसके अंतर्गत उक्त भामाशाहों द्वारा 06 माह तक उक्त रोगियों के पोषण हेतु प्रति माह प्रति रोगी 500 रूपए देने की घोषणा करने से रोगियो की आखे छलछला आई। राज्य सरकार के इस अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कैम्प में उपमहानिरीक्षक मुद्रांक राजीव द्विवेदी एवं तहसीलदार कानोड सतीश पाटीदार मौजूद रहे।

**25 को इन पंचायतों में लगेंगे शिविर**

अभियान के तहत 25 जून को गिर्वा तहसील के मटून, उमरडा व गौरेला, कुराबड़ तहसील में बिछड़ी व जिंक स्मेल्टर, बड़गांव तहसील में बड़ी एवं मदार, मावली में भीमल व बांसलिया, घासा में महुड़ा व पलानाखुर्द, वल्लभनगर में भटेवर व ढावा, भीण्डर में पीथलपुरा व सारंगपुरा कानोड़, गोगुन्दा में पाटिया, सुरजगढ़ व मोरवल, सायरा में जेमली व सेमढ़, झाडोल में घोघला, बदराणा व मोहम्मद फलासिया, फलासिया तहसील में सड़ा, उपली सिंगरी व निचली सिंगरी, खेरवाड़ा में कातरवास, बरौठी भिलान, भाखरा, नयागांव में सतलाल, जायरा, ऋषभदेव में कागदर भाटिया, मांडवा फला व बिछीवाड़ा तथा कोटड़ा तहसील में देहरी, बुढ़िया, मंडवाल, मामेर व महाद ग्राम पंचायतों में शिविर होंगे।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा 27 को

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 24 जून। आगामी 27 जून को प्रस्तावित भगवान जगन्नाथ रथयात्रा को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित कराने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता और पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार शाम कलक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें रथ यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाओं, सुरक्षा बंदोबस्त, यातायात व्यवस्था आदि पर सुझाव आमंत्रित करते हुए आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। प्रारंभ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने सभी का स्वागत करते हुए गत दिनों आयोजित बैठक में लिए निर्णयों से अवगत कराया। श्री ओझा ने बताया कि 27 जून को जगदीश मंदिर से मुख्य रथयात्रा अपराह्न 3 बजे प्रारंभ होगी, जो घंटाघर, बड़ा बाजार, भडभुजा घाटी होते हुए पुनः मंदिर तक पहुंचेगी। इसमें शहर के विभिन्न स्थलों से आने वाली झांकियां भी शामिल होंगी। इसके अलावा अस्थल मंदिर से रथयात्रा निकलेगी जो परंपरागत मार्ग से भ्रमण कर पुनः मंदिर पहुंचेगी। इसी प्रकार सविना क्षेत्र से भी रथयात्रा निकाली जाएगी तथा वह भी अपने निर्धारित मार्ग से भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। श्री ओझा ने रथयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व जगदीश मंदिर पर दर्शनार्थियों की अपार भीड़ एकत्र होने के मद्देनजर सभी झांकियों को केवल रंगनिवास मार्ग से ही जगदीश चौक तक लाने के पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय से अवगत कराया। जिला कलक्टर व एसपी ने उक्त निर्णय के संबंध में सदस्यों से सुझाव मांगे। बाद में सर्वसम्मति से उक्त निर्णय को अंतिम रूप दिया गया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।